पुस्तकालय

3006
17/7/09

सत्यमेव जयते

असंशोधित

9 JUL 2009

# बिहार विधान-सभा वादवृत्त

## सरकारी प्रतिवेदन

---

(भाग 2—कार्यवाही—प्रश्नोत्तर रहित)

प्रतिवेदन शाखा
गै०स०प्रै०सं० 528 तिथि 17-7-09

प्रत्येक वर्ष दो बार आयोजित होती है और बिहार राज्य के छात्रों को दूसरे राज्यों में नही जाना पड़ता है ।

**सर्वश्री रामचन्द्र पूर्वे, शिवचन्द्र राम एवं श्री अजीत कुमार झा, स०वि०स० की ध्यानाकर्षण सुचना तथा उस पर सरकार [ अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग] की ओर से वक्तव्य ।**

अध्यक्षः श्री रामचन्द्र पूवे, आप अपनी सूचना को पढ़ें ।

श्री रामचन्द्र पूर्वेः महोदय, " सीतामढ़ी जिलान्तर्गत डॉ० भीमराव अम्बेदकर कल्याण छात्रावास, सीतामढ़ी के छात्रावास भवन के ध्वस्त होने, शौचालय तथा चापाकल की कमी, बिजली व्यवस्था नहीं होने एवं छात्रों के अनुपात में कुर्सी, टेबल, रैक का अभाव, भोजन व्यवस्था हेतु थाली की संख्या में कमी तथा पुस्तकालय एवं वाचनालय के नहीं होने से छात्रावास की स्थिति अराजक हो गयी है । इस स्थिति में छात्रावास में रह रहे ३५० छात्र इंजीनियरिंग, मेडिकल, प्रबंधन एवं अन्य तकनीकी संस्थानों में नामांकन हेतु प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी ठीक से नहीं कर पा रहे हैं ।

अतः छात्रावास की उपर्युक्त गंभीर समस्याओं का निदान कर इसे आदर्श छात्रावास का स्वरूप प्रदान करने हेतु हम सदन के माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट करते हैं । "

श्रीमती रेणु कुमारी,मंत्रीः अध्यक्ष महोदय, इसका जवाब १४-०७-०९ को दिया जाएगा ।

अध्यक्षः समय चाहिए । १४-०७-०९ को इसका जवाब होगा ।